# SAMPLE PAPER

International Olympiad Foundation

EXCELLENCE IN EDUCATION
International Olympiad Foundation

| 14+ | MCQ | 0 |
|---|---|---|
| OLYMPIADS | FORMAT | NEGATIVE MARKS |

OLYMPIAD

## Hindi Olympiad

International Olympiad Foundation (IOF) · www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | DURATION | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 10 | IFHO | 60 Min | 50 |

### GENERAL INSTRUCTIONS

- All questions are Multiple Choice Questions (MCQs) with options A, B, C, D, E
- Each correct answer carries 1 mark. No negative marking for wrong answers.
- Rough work should be done separately. Do not write on question paper.

### PAPER HIGHLIGHTS

- **Multiple Choice Questions (MCQ)**
  Five options per question (A, B, C, D, E). Select the single most appropriate answer.
- **No Negative Marking**
  1 mark per correct answer. Zero deductions — attempt every question.
- **Conducted by IOF**
  International Olympiad Foundation — fostering excellence among students across India.

SUBJECTS

Cyber · English · Entrepreneurship · Mathematics · Commerce · Economics · GK & Current Affairs · Science · Western Music · Sanskrit · Indian Music · Hindi · Reasoning & Aptitude · Spell Talent

### ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES

- IFCO — International Foundation Cyber Olympiad
- IFEO — International Foundation English Olympiad
- IFEnO — International Foundation Entrepreneurship Olympiad
- IFMO — International Foundation Mathematics Olympiad
- ICSI — Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
- IFEcO — International Foundation Economics Olympiad
- IFGCO — International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
- IFSO — International Foundation Science Olympiad
- IFWMuO — International Foundation Western Music Olympiad
- IFSaO — International Foundation Sanskrit Olympiad
- IFIMuO — International Foundation Indian Music Olympiad
- IFHO — International Foundation Hindi Olympiad
- IFRAO — International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
- IFSTO — International Foundation Spell Talent Olympiad

©International Olympiad Foundation (IOF) · All Rights Reserved

**Q1.** हिंदी वर्णमाला में इनमें से किसकी संख्या 11 है? **[+1] [-0]**

A. अक्षर

B. वाक्य

C. स्वर

D. व्यंजन

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q2.** इनमें से ` घ ` का उच्चारण स्थान कौन-सा है? **[+1] [-0]**

A. मूर्धा

B. कण्ठ

C. तालु

D. दन्त

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q3.** किस भाषा की ` लिपि ` 'ब्राह्मी भाषा' से दक्षिणी रूप में विकसित हुई? **[+1] [-0]**

A. कन्नड़

B. तमिल

C. मराठी

D. संस्कृत

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q4.** निम्नलिखित में से किसके अभाव में हम पढ़ नहीं सकते? **[+1] [-0]**

A. संयुक्ताक्षरों की पहचान

B. लिपि से परिचय

C. बारह खड़ी से परिचय

D. वर्णमाला की क्रमबद्धता का ज्ञान

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q5.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द `भाववाचक संज्ञा ` शब्द है ? **[+1] [-0]**

A. अमीर, गरीब, समूह, मिठास

B. जवानी,खट्टास,पुस्तक, गंगा

C. मिठास, कड़वाहट, बुढ़ापा, उन्नति

D. धैर्य, चालाकी, उदासी, सूर्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q6.** निम्न में `अल्प प्राण व्यंजन ` कौन - सा है? **[+1] [-0]**

A. ख

B. ग

C. घ

D. ठ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q7.** ` पुस्तकें धड़ाधड़ बिक रही हैं ।` इस वाक्य में ` धड़ाधड़ ` में शब्द का कौन - सा रूप है? **[+1] [-0]**

A. क्रिया विशेषण

B. विशेषण

C. क्रिया

D. प्रविशेषण

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q8.** निम्नलिखित शब्दों में से ` तत्सम शब्द ` को चुनिए - **[+1] [-0]**

A. कारण

B. लोहा

C. बन्दर

D. दूध

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q9.** जिन शब्दों की व्युत्पत्ति का पता नहीं चलता, उन्हें क्या कहा जाता है ? **[+1] [-0]**

A. तत्सम

B. तद्भव

C. देशज

D. संकर

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q10.** ` हमारा समाज उन्नति के पथ में है ` - इस वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है ? **[+1] [-0]**

A. संज्ञा

B. लिंग

C. कारक

D. वचन

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q11.** आचार्य किशोरीदास वाजपेयी के मत से हिंदी में कारक कितने हैं ? **[+1] [-0]**

A. छः

B. सात

C. आठ

D. पाँच

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q12.** ` मन्दिर में जाने के बाद मन को शान्ति मिली है ।` दिए गए वाक्य का काल पहचानिए - **[+1] [-0]**

A. अपूर्ण भूतकाल

B. सामान्य वर्तमानकाल

C. पूर्ण वर्तमानकाल

D. सामान्य भूतकाल

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q13.** ` राम आम खाता है ` में वाच्य का कौन - सा रूप है? [+1] [-0]

A. भाववाच्य

B. कर्मवाच्य

C. कर्तृवाच्य

D. उपवाच्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q14.** इनमें से कौन - सा विकल्प `पार्वती ` का ` पर्यायवाची शब्द ` नहीं है ? [+1] [-0]

A. गिरिजा

B. अर्पणा

C. शैलजा

D. शिवानी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q15.** निम्नलिखित में से कौन - सा `समुच्चय बोधक अव्यय ` नहीं है? [+1] [-0]

A. अर्थात्

B. अतएव

C. अथवा

D. आजन्म

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q16.** ` इप्सित ` शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. अनीप्सित

B. अभीप्सित

C. अधीप्सित

D. कुत्सित

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q17.** उसका ` उत्तरीय ` उस पर जँच रहा था। इस वाक्य में ` उत्तरीय ` का विलोम शब्द क्या है ? [+1] [-0]

A. कोट

B. अधोवस्त्र

C. टोपी

D. साड़ी

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q18.** ` कुंजन - कूजन ` `शब्द युग्म ` का सही विकल्प चुनिए? [+1] [-0]

A. दुर्ग - पक्षियों की चहचहाहट

B. दुष्ट - धातु की बनी चीज़

C. हाथी- पेड़ों का समूह

D. किया हुआ - खरीदा हुआ

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q19.** `प्रत्युत्पन्नमति ` शब्द हेतु कौन - सा वाक्यांश उचित होगा? [+1] [-0]

A. उत्तर न देने की क्षमता

B. जो फिर से उत्पन्न हुआ हो

C. जिसकी बुद्धि में नई - नई बात उत्पन्न होती है

D. जो तत्काल सोचकर उत्तर दे सके

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q20.** पैसे से मनुष्य की ` जीवन जीने की इच्छा ` बलवती होती है। इस वाक्य में - ` जीवन जीने की इच्छा ` के लिए कौन - सा एक उपयुक्त शब्द होगा ? [+1] [-0]

A. जिजीविषा

B. चतुरानन

C. जीविका

D. जीजीविशा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q21.** " विद्यालय का उप प्रधानाचार्य जिम्मेदार व्यक्ति होता है। " इस वाक्य में प्रयुक्त उपसर्ग ` उप प्रधानाचार्य ` किस कोटि का है चिन्हित कीजिए ? [+1] [-0]

A. तत्सम उपसर्ग

B. तद्भव उपसर्ग

C. विदेशज उपसर्ग

D. देशज उपसर्ग

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q22.** आहट, आवट, आस आदि किस प्रकार के `तद्धित प्रत्यय ` हैं? [+1] [-0]

A. कर्तृ वाच्य प्रत्यय

B. कर्म वाच्य प्रत्यय

C. भाववाचक प्रत्यय

D. सम्बन्ध वाचक प्रत्यय

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q23.** निम्नलिखित शब्दों में से 'तत्सम' शब्द छाँटिए: [+1] [-0]

A. सूर्य

B. धुआँ

C. हाथ

D. आँख

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q24.** ` चक्रपाणिदर्शनार्थ ` पद में कौन – सा समास है? [+1] [-0]

A. कर्मधारय समास

B. तत्पुरुष समास

C. अव्ययीभाव समास

D. बहुव्रीहि समास

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q25.** ` पीताम्बर ` पीत है अम्बर जिसका वह अर्थात् विष्णु, इसे कौन - सा समास कहेंगे? [+1] [-0]

A. तत्पुरुष समास

B. अव्ययी समास

C. द्वन्द्व समास

D. बहुव्रीहि समास

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q26.** ` जहाँ उपमेय का निषेध करके उपमान का आरोप किया जाय, वहाँ कौन - सा अलंकार होता है ?` [+1] [-0]

A. रूपक अलंकार

B. उत्प्रेक्षा अलंकार

C. अपह्नुति अलंकार

D. उपमा अलंकार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q27.** ` मोम सा तन घुल चुका, [+1] [-0]

अब दीप सा मन जल चुका है।`

इन पंक्तियों में कौन - सा अलंकार है?

A. रूपक अलंकार

B. पूर्णोपमा अलंकार

C. दृष्टांत अलंकार

D. उपमा अलंकार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q28.** निम्न में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए - [+1] [-0]

A. एक कविताओं की पुस्तक मुझे दे दीजिए।

B. एक कविता की एक पुस्तक मुझे दें।

C. कविताओं की एक पुस्तक मुझे दीजिए ।

D. कविता की एक पुस्तक मुझे दे दो ।

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q29.** ` इस विद्यालय में दाखिला मिलना टेढ़ी खीर है ।` इस वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे ` टेढ़ी खीर ` का क्या अर्थ है ? [+1] [-0]

A. कठिन कार्य होना

B. आसान कार्य होना

C. प्रयत्नशील होना

D. असंभव कार्य होना

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q30.** ` घाट - घाट का पानी पीना ` इस लोकोक्ति का क्या उपयुक्त अर्थ है? [+1] [-0]

A. अनेक क्षेत्रों का अनुभव

B. जीवन में स्थिरता का अभाव

C. दर - दर भटकना

D. परोपकार के लिए यहाँ - वहाँ घूमना

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q31.** ` जहाँ सुमति तँह सम्मपति नाना, जहाँ कुमति तँह विपति निदाना ` पद में कौन - सा रस है? [+1] [-0]

A. करुण रस

B. भयानक रस

C. श्रृंगार रस

D. शान्त रस

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q32.** रस के कितने अंग हैं? [+1] [-0]

A. पाँच

B. नौ

C. चार

D. तीन

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q33.** ` कलाकार ` का उचित वर्ण - विच्छेद चुनिए - [+1] [-0]

A. क + ला + आ+ का+ र

B. क + ला+ कार

C. क्+ अ + ल् + आ+ + क्+ आ+ र्+ अ

D. कला+ कार

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q34.** ` पतझड़ ` में कौन - सा समास है? [+1] [-0]

A. कर्मधाराय समास

B. बहुव्रीहि समास

C. अव्ययीभाव समास

D. द्विगु समास में

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q35.** ` जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि ` में कौन - सा `उप वाक्य ` है? [+1] [-0]

A. संज्ञा उपवाक्य

B. क्रिया विशेषण उपवाक्य

C. सर्वनाम उपवाक्य

D. विशेषण उपवाक्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q36.** भारतवर्ष के लिए हिंदी भाषा का नाम सबसे पहले किसने सुझाया ? [+1] [-0]

A. महात्मा गांधी

B. रवीन्द्रनाथ ठाकुर

C. मदन मोहन मालवीय

D. राजाराम मोहन राय

E. कोई विकल्प सही नहीं है।

**Q37.** ` पशुता ` शब्द किस प्रकार की ` संज्ञा ` का एक उदाहरण है? [+1] [-0]

A. व्यक्तिवाचक संज्ञा का

B. द्रव्यवाचक संज्ञा का

C. भाववाचक संज्ञा का

D. जातिवाचक संज्ञा का

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q38.** उच्चारण की दृष्टि से ` व ` की ध्वनि इनमें से कौन - सी है? [+1] [-0]

A. दन्त्य

B. दंत्योष्ठय्

C. कण्ठतालव्य

D. तालव्य

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q39.** ` नियत - नीयत ` शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए - [+1] [-0]

A. इरादा - भाग्य

B. इरादा - निश्चित

C. निश्चित - इरादा

D. भाग्य - निश्चित

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q40.** `दिन - रात `अध्यन ` करके भी वह प्रथम स्थान न प्राप्त कर सका ।` [+1] [-0]

दिए गए विकल्पों में से ` अध्यन ` शब्द की ` शुद्ध वर्तनी ` का चयन कीजिए -

A. आध्यन

B. अध्ययन

C. अध्ध्ययन

D. अद् ध्यन

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q41-45.** अधोलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए - **[+1] [-0]**

दबाव केवल तलवार का ही नहीं, जनमत का भी होता है। तलवार के भय से साधुता धारण करने वाला व्यक्ति समाज का आदर्श नहीं हो सकता । आदर्श मनुष्य तो वही हो सकता है,जिसने स्वेच्छा से साधुत्त्व का वरण किया हो,

स्वेच्छा या संचय का त्याग किया हो। किंतु एक बात याद रखो कि प्रवृत्ति की ज्वाला भड़काए रखने से मनुष्य संचय

का त्याग नहीं करेगा । इसके लिए थोड़ी शिक्षा उसे निवृत्ति की भी मिलनी चाहिए। प्रवृत्ति इसलिए की डटकर काम करे । निवृत्ति इसलिए कि अपनी कमाई पर अपना अधिकार जमाए। प्रवृत्ति इसलिए कि कर्मठता जीवन का एकमात्र अवलंब है और निवृत्ति इसलिए कि एक दिन मनुष्य को सब - कुछ छोड़कर अकेले जाना पड़ता है और उसकी चिता में रूपए पैसे नहीं, थोड़ी - सी सूखी लकड़ियाँ ही जलती हैं ।

**Q41:** ` तलवार के भय से ` साधुता धारण करने वाला व्यक्ति समाज का क्या नहीं बन सकता ? [+1] [-0]

A. कवि

B. नौकर

C. मालिक

D. आदर्श

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q42:** इनमें से जीवन का एकमात्र अवलंब क्या है ? [+1] [-0]

A. अज्ञानता

B. कर्मठता

C. मूर्खता

D. समानता

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q43:** ` स्वेच्छा ` शब्द में प्रयुक्त उचित 'संधि – विच्छेद' का चयन कीजिए - [+1] [-0]

A. सु + इच्छा

B. स्व + इच्छा

C. स्व + इ + च्छा

D. श्व + इच्छा

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q44:** ` ज्वाला भड़काना ` मुहावरे का क्या अर्थ है? [+1] [-0]

A. आग तेज़ करना

B. बहुत नाराज़ होना

C. क्रोध को भड़काना

D. कष्ट का अनुभव होना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q45:** ` त्याग ` का विलोम शब्द क्या है? [+1] [-0]

A. ग्रहण

B. छोड़ना

C. परित्याग

D. याद करना

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q46-50.** अधोलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए - **[+1] [-0]**

यश है न वैभव है, मान है न सरमाया ,
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया,
प्रभुता का शरण - बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है ।
जो है यथार्थ कठिन उसका कर तू पूजन,
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना ।।

**Q46:** ` प्रभुता ` का शरण बिंब केवल क्या है? [+1] [-0]

A. केवल भूख है ।
B. केवल तप है।
C. केवल मन है ।
D. केवल ` मृगतृष्णा ` है ।
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q47:** कवि ने कविता की प्रथम पंक्ति में किन दो के न होने की बात कही है? [+1] [-0]

A. यश - वैभव
B. मान - अपमान
C. उन्नति - अवनति
D. लाभ - हानि
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q48:** ` दूना ` जैसे लयात्मक शब्द कविता में कौन - सा है ? [+1] [-0]

A. चूना
B. भूना
C. लूना
D. छूना
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q49:** प्रस्तुत कविता की छठीं पंक्ति में कवि ने किसको न छूने की बात कही है? [+1] [-0]

A. छाया
B. माया
C. काया
D. ताया
E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

**Q50:** ` कठिन ` शब्द का ` समानार्थी ` क्या है? [+1] [-0]

A. वास्तविक

B. मुश्किल

C. आसान

D. सरल

E. कोई विकल्प सही नहीं है ।

INTERNATIONAL OLYMPIAD FOUNDATION (IOF)

# ANSWER KEY

Hindi Olympiad
www.iof.education

| CLASS / GRADE | SUBJECT | TOTAL QUESTIONS | MAX MARKS |
|---|---|---|---|
| Class 10 | IFHO | 50 | 50 |

ANSWER SHEET — 50 QUESTIONS

| Q01-Q10 | ANSWER | Q11-Q20 | ANSWER | Q21-Q30 | ANSWER | Q31-Q40 | ANSWER | Q41-Q50 | ANSWER |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Q01 | C | Q11 | C | Q21 | A | Q31 | D | Q41 | D |
| Q02 | B | Q12 | C | Q22 | C | Q32 | C | Q42 | B |
| Q03 | A | Q13 | C | Q23 | A | Q33 | C | Q43 | B |
| Q04 | B | Q14 | B | Q24 | C | Q34 | B | Q44 | C |
| Q05 | C | Q15 | D | Q25 | D | Q35 | B | Q45 | A |
| Q06 | B | Q16 | A | Q26 | C | Q36 | D | Q46 | D |
| Q07 | A | Q17 | B | Q27 | B | Q37 | C | Q47 | A |
| Q08 | A | Q18 | A | Q28 | C | Q38 | B | Q48 | D |
| Q09 | C | Q19 | D | Q29 | A | Q39 | C | Q49 | A |
| Q10 | C | Q20 | A | Q30 | A | Q40 | B | Q50 | B |


◆ ALL IOF OLYMPIAD PROGRAMMES ◆

IFCO International Foundation Cyber Olympiad
IFEO International Foundation English Olympiad
IFEnO International Foundation Entrepreneurship Olympiad
IFMO International Foundation Mathematics Olympiad
ICSI Institute of Company Secretaries of India Commerce Olympiad
IFEcO International Foundation Economics Olympiad
IFGCO International Foundation General Knowledge & Current Affairs Olympiad
IFSO International Foundation Science Olympiad
IFWMuO International Foundation Western Music Olympiad
IFSaO International Foundation Sanskrit Olympiad
IFIMuO International Foundation Indian Music Olympiad
IFHO International Foundation Hindi Olympiad
IFRAO International Foundation Reasoning & Aptitude Olympiad
IFSTO International Foundation Spell Talent Olympiad